यिथ्यन हालातन मंज़ अगर असि् पननि जबॉनि हंजिय व्वतलबुजि मंज़ आवरि् रोजौ, असि कति आसि तरक़ी नसीब । सवाल छि पज़िपॉठि् स्यठाह वज़नदार । मगर अफसूसचि् कथ छे ज़ि सोंचनुक यि अन्दाज छु गुलामान । तरक़ी हुन्द मूजूद दौर छु जरूर तेजगाम मगर कमन हंदि बापथ । यिमौ पननि-पननि आयि पननि गाटजार, तहकीक त तजरुबौ सूति् अथ ग्वड बोर । अमरीकाहन अगर रूसकि् साइनसदाँ व्रोंह वुछि गछान, तिमौ रोट न रूसचि जबानि या मआशरुक दामान— तिमौ ह्योछ टेकनीक; मगर व्वदभव द्युतहस पननिस माहोलस मंज । यिथै पॉठि् कोर सारिवय तमद्दनी यूनिटौ अख-अकि्सन्द तजरुबुक फॉयद हासिल, मगर हमेशि थोवुख ग्वड पनुन खजॉन बरिथ त अद रूदि तिम तरक़ी हंदि मंजिल तय करान । यि छु प्रथ काँह जानान जि व्वज़मिस प्यठ गौ न अज़ ताम काँह ति आबाद । हमेशि फव्यौ सुय क़ौम, यमि् पनन्यन मूलन सग द्युत, त लंग-लंज्यन हंदि बापथ ताफ, हवा त गाश यल थोव ।

यि कथ ति छे साइनसचिय भावत ज़ि पननि मादरी जबॉनि मंज़ यूत काँह इन्सान रम्ज जॉनिथ ह्यकि, गाटजार प्रॉविथ ह्यकि या जेहनस वुसचार दिथ ह्यकि त्यूत सपदि न व्ययिस जबॉनि् मंज मुमकिन । बुनांचि छु अमिय सोंचनुक नतीज, जि यिमन बोल्यन जबॉनि् हुंद दरजै ओस न, तिम ताम आयि बारसस । कम तरकी-वाल्यन मुलकन हॅंज कथ आसिहे, दपहौ बेमतलब कथ छे मगर यिछ तहरीक छे तरकी वाल्यन मुलकन मंज जॉरी । यिमन मुलकन हन्द्यौ पथ ख्वरि-गॉमत्यौ तबक़ौ ति ह्योत पनन्यन बोल्यन व्वदभव द्युन । नतीज द्राव यि जि यिमन तबकन हंज दबेमच जिहानत आयि व्वतलिथ । शायद रोजहन तिम वुरनिस तलय-अगर तिहॅंज़ जबान त तिहुन्द तमद्दन लतितलय रूदमुत आसिहे । असि छि नखतलकि् केंह अलाक़—मिसालि पॉठि् कजाकिस्तान, तुर्कमेनिया, ताजकिस्तान—सानिय वाँसि हॅंज कथ छे जि यिम ऑसि् स्यठहय पथख्वरि अलाक़ । मगर वुछान-वुछान कोत छि तिम वॉतिमुत्य्—अम्युक अन्दाज ताम् लगावुन छु मुश्किल । व्वनि् अगर यि पृछनचि् गुस्तॉखी करन यियि ज़ि तिमौ क्वस अंग्रीजि् तालीम परिथ कर यि तरक़ी

हाँसिल ? शायद मेलि न कल नचनावन वरॉय तम्युक काँह सही जवाब !

हक़ीक़त छे यि ज़ि पननि ज़वॉनि् हँज तरक़ा बनि कुलस प्यठ सानि क़ौम त बरादरी हंज़ि तरक़्क़ी हुन्द वसील । ईच कथ छे ज़रूरी ज़ि अमि बापथ छे कंचस कालस कूशिश करनि् लॉजिमी । केंह मुश्किलात छि बर्दाश्त करनि् । नतीज नेरि स्यठाह् जान ।

बिला उनवान

कुलदीप रैना

राथ छे ग्ववेमच त बॉरिश छे तेज,—

ब छुस थकिथ त छयनिथ आमुत कुन त कीवल—

हवीलि् छे रूदल छायिहलिस मंज व्वदॉसि् बिहिथ कस ताम प्रारान...जन आश्यजि् रूनिस...या...या... ब्रॉर गगरस...

म्य छे दुनन गछान त यि कथ ज़्यादै सनान ज़ि म्य पजिहे न कुनिसइ ज़निस योर युन...

कुन ज़ोन छु वति डलान...

ब छुस हवेलि हन्दिस दरवाज़स निश व्यसथ नजरौ ओकुन-योकुन वुछनि लगान ।

दूर कति ताम म्युनिसिपलटी हुंद लम्प त अम्युक सासँ-गाश ।

कुल्यन हँज अहरनाख छायि त काँपवनि् पनवथर— तारख राविमित्य् त लूख श्वंगिमित्य् ।

म त राविती, म त श्वंगिती, बय कुनुय जोन छुस त कुन ज़ोन छु...

(कल प्यठि् पन-वथर प्यनचि् आवाज़)

म्य छे दुनन गछान त जल अथ पिलनाविथ छुस दरवाज न्यबि्रिम स्विच दबावान...गाशि फमवार...त स्व छाय, योस म्य यती कति ताम् बोज़न पननी लरि मंज बोजन आयाय् गयि गॉब...म्य त्रोव व्वशाह त लोगुस हवेलि हँदिस दरवाजस वुछनि...

त अख ग्वफा ऑस, ग्वफि मंज ब्याख ग्वफ, तथ मंज दरवाज त दरवाज़ पत अख अन्गि्गटि् कुठ...कुठिस मंज ओस अकिस बजि कन्गि प्यठ चोंग दज़ान...

यलि न वार्याहस कालस कुनि जायि चोंग यियि जालन, दपान त्यलि छि जिन यिथ तति चोंग वालान... त म्य छु बूजमुत ज़ि यमि हवेलि हंदिस त्रयिमिस पोरस प्यठ छु रॉति्-रातस चोंग दज़ान त यलि रॉच हुन्द गट-जोल छु कुनुय करान त जूनि-तारकन क्रहनि् कटकाल ओत्र-लंग चॉपिथ न्यंगलान, अद छु...

न, न, लगि न सोंचुन...सोरुय अपुज, सोरुय वहम... ऑखर कूतिस कालस रोज ब अमिस व्यनावं त व्यशकल जिनस खोचवुन...

बं छुस द्वनवै अथ लॉगिथ दरवाजस दकं दिवान तं दर वाज़ छु क्राप कँरिथ मुचॅरनं यिवान...अख अन्गिगॅटिं ग्वफ ...वं छुस अथं पिलनॉविथ हेरि हँज बिजली त्रावन...हेरि पाव्यन हंज़ खसवनि् ज़ीठ लॉन...जन म्यानि ज़िन्दगी हंदि् यिनवॉलि् वरियि...अख, ज, त्र, चोर ...व्यशुमार त आँथ रसि पॉव्य् या वरियि...छुस ब्वन प्यठ ह्योर ताम नज़र त्रावान...गट त छ्.वप...द्वब त वॉलि्...ब छुस अकिय ग्वटि धम-धम हेर-पॉवि लगान खसनि...

म्य पज्या खोचुन । बय यूत बोड़ छुस—पोरमुत ल्युखमुत सायंसी दौरस मंज रोजनवोल...

धम···धम···धम

सरदी छे संगीन रॉच गटन हँदि् पॉठि् त चनि छे त्रयिमिस पोरस प्यठ त त्रयिमिस पोरस प्यठ छु रॉच-गटन मंज···यि कुस पकान म्य पत-पत···

ब छुस गछान रूजिथ ऑखिरी हेरिपॉविस प्यठ त खुचि-खुचि छुस दछ्न-खोवुर कुन नज़र दिवान । कँहो न ···अजि्गोट···छ्.वप त म्यानि छाय···

ब छुस खोवुर फीरिथ चन्द मंज कुंज कड़ान···ग्वफि मंज़ न्याख ग्वफ···

छायि छे द्वन किस्मन हँज़···अख गयि जिस्मचि त ब्याख रूहचि् या···कुंज छे प्यवान अथ मंज पथर···

ब छुस ज़ालान गंधक-तुजि् त नमिथ लगान कुंज छांडनि । यथ अथस दजवनि् गंधक-तुजि् छे, सु छु काँपान ···त म्य छे त्रयिमिस पोरस कुन खसवनि हेरि प्यठ प्रज़ल्वनि अछि् ज़ पानस कुन मुदै गंड़िथ बासान··· म्य छि सॉरिसुय पानस तूर खसान···त कुंज़ छम ख्वरस तल लन्न यिवान···ब छुस अथ पिलवान त तुजि् छे गछान छ्.पत···अन्गिगट ग्वफ त दजवनि अछि्···ब छुस बॉबरि दरवाज मुचरिथ अंदर स्यदान त अँद्रि् हाँकल चारान··· त दरवाज़स कुन रूज़िथ अछि् वरान··· दिलस छम दुबराय गछान, पान बासान जन नार दज़ान त ज़्यव त्रे शिहच फटिथ द्रामुच···ब छुस अछि् मुचरिथ लविकुन

अवेजान शिव सँजि शकलि कुन वुछान, अमिस छे जटि मंज़ गंगा वसान···दज़वुन नार त फटमच ज्यव···ब छुस दौरान-दौरान गछान त ऑस दॉरिथ लगान गंगा च्यनि, सॉरुय गंगा अकिय दाम···मगर ज्यवि न स्रेह त नारस न स्वचर···मोयूस त नाव्वमेद गछिथ छुस ब दॉर मुचरान ···रूद त्रट छे वसान···मगर ज्यव म्यॉनि लोवुर त गटजोल संगीन, कुनि न गाशि लुय···जून न्यंगलाव्मच कटकाल ओत्र लंगौ त द्रोचमुच ज़ानि प्यठ···ज़न यि हवेली···चन्द्र न कुनिय...अपालो म्यानि पिलव दूर...ज़न रूद या गंगा त म्य अँदरि् नार···त न्यबरि् गरद···गरदुय गरद··· गरद त स्यख त छ्‌वप...छ्‌वप त दम···

खबरदार, हुशियार···आ...आ···आर

अञ्गिटि् राथ, रूद त्रट, कब्रिस्तानचि् हिश छ्‌वप, राछ्‌दर सँज चिख···

ब छुस करान दॉर बन्द त हेरि छु गछान···पकुन··· म्य छु दिल दुवराय करनि लगान। हु वोथ ज़ाहिर चिख़ बूज़िथ···

गगरायि छि गछान त वुज़मलँ प्रज़लान। ब छुस लगान शिव संजि शकलि कुन वुछनि···वथरिथ छु सहमुनल, त्रोंहकनि त्रिशूल, गर्दनि मज गुनस त कलस अँदि्-अँदि् गोल दॉयिर ज़न सिरियि या जून या खंडर··· रात-म्वगलन हुंद मसकन या जिनन हुंद या रूहन हुंद···

पकुन छु व्वनि् साफ बासान, ज़न कुसताम हेरि वसान—

धम...धम...धम।

म्य छु दिल व्वट-व्वठ करान, धक···धक···धम··· धम···

पकनचि् आवाजं छे नजदीक यिथ म्यानि कमर किस दरवाज़स निशि बन्द गछान।

ब छुस कमरस मंज कञ्गिपोतुल इस्ताद त रूद फ्यरि (या शायद ऑरक-फ्यरि) छि म्यानि जिस्म प्यठि् टिप-टिप पथर प्यवान। ब छुस वनान केंह न बोजान, ज़न म्य ज़ुव द्रामुत···

टिक···टिक···टिक

दरवाजस छु कुस ताम लोत-लोत धक दिवान, वुज़मल छे प्रज़लान, त बिजली गछान त दूरि कति ताम् कुसताम लायान क्रख···कुनि कांह छु नो हा ख्वदायो··· पोल्त भञ्गिगोट···ब कनिप्ववुल न ऑट हिलान म्यॉनिस दिलस मंज न खोफ त न डर···पूर सकून सान त छ्‌वप करिथ छुसस पृछान···

कुस छुख ? क्याह् छुख ? जिन् आ ? रूह् आ ? क्वस बलाय ?

टिक, टिक, टिक।

काँह जवाब न, छ्‌वप त दम !!

म्य छु जॉरिस प्यठ यिवान त ब छुस अञ्गिटि व्वफि मंज़ शिव लगान छांडनि···

—शकर, शंकर, मुचर त्रयिम अछि, वाय डाबर, तुल त्रिशूल त गिन्द तांडव; अज़ कर्न-बच्चो पत, सास बच्चो (वरियौ) पत···

मगर शिव छु अछि् वटिथ समाधि मंज मगन···त ब छुस पनुन कन्युव पान खखरि-खखरि दर्वाज़स निश वातनावान त लगान छुस तथ आवाजि मंज़ योस न ब पान ति बोजान छुस, ठुक-ठुक करन्वॉलिस पृछनि···

वन कुस छुख ? क्याह् गछी ?

टिक, टिक, टिक।

बोज, युस ति छुख। म्यॉनि् कथ बोज़ वार···पान ति रोज त म्य ति दि रोज़न···नै त त्यलि न रोज़ख च त न ब—द्वयी मंज़ न कहीं। सिरिफ गर्द, स्यख, छ्‌वप त दम !!

टिक, टिक, टिक।

जिनस फलसफस सूति् तोलकुय क्याह।

त दर्वाज़ि छु यिवाम मुचरनह् त अञ्गिटिस मंज़ म्य बासान क्याह् ताम छाय हिश अन्दर अचान···च्युहा छुस ब रोजान वुछनि ति छ्‌वप करिथ सु ति छवप करिथ पतँ न ज़न म्य पानस ताल्य् रोज़ान···त अमि् छि मिलनावान दब, तसंद्यन मज़बूत अथन (या पंजन) हँज़ थफ चे यिवान म्य गर्दनि···त यलि न म्य केंह छु चलान त ब छुस बेड-स्विचच तार थफ़ दिथ चटिथ अनान त गंडान असँजि् गर्दनि, पूर जोर त ताक़त सान···त असि मंज़ छु कुस्ताम क्रख लायान···कुनि कांह छु नो ख्वदायो··· मोरनस हो त म्य बासान असुंद शाह ज़न छ्‌वकान त दिलचि् दुवराय ज़न व्यहान त म्य फुटान पननि् ज़ोर त बासान छुम शोर, सिरिफ शोर-लूकन हँदि पक्नुक, टक-नुक़ त चलनुक शोर···

यलि ब होशस मज़ यिवान छुस, खबर कर त कमि सात ब छुस वुछान पननि गर्दनि अंद्य्-अंद्य् सफेद-सफेद पछि गंडिथ त मॉलिक मकान म्य लोत-लोत बनान—म्य

दितुथ न पुलसस रपोट, मगर व्वन् ह्यकख न च म्यानिस मकानस मंज़् रूज़िथ । क्या पता, पगाह करख च ब्यथि इय ।

ब छुस शर्मन्द ह्यू गछान त छ्वप करान—छ्वप त दम ।।

(१९६९ कि 'सोन अदब' मंज़् शुक्रिया सान)

—०—

दुख

हलीम

(१)

जिन्दगॉनी छे ख्वश-यिवनि् महारेन्य्,
मथ गछान यस्-व-तस रोय वुछनस ।
काल-कोन[1] नज़रि याम् गछान सूतिय,
ऋख दिवान वाय शहमॉरि वुछनस ।।

(२)

मॉज़ि नम स्वरमें अछि् रोपॅ-तन चॉनि्
यमि् ति वुछ न्यंदरि-नाश तस सॉपुन ।
शामरुन, सासॅ-गाश ज़ूनि हुन्द रोय—
ड्यूठ याम तारकौ ह्योतुख कॉपुन ।।

—०—

१ कनि् महन्युव

ग़ज़ल

मुहम्मद अहसन 'अहसन'

जिन्दगी गछिहे न बरहम खाहिशातन क्याह् करौ ।
शौक ज़ांह लगिहे न दावस हॉदिसातन क्याह् करौ ।

बॉस गछ आसॅनि त सन हो कायनातस पूर पॉठि,
न त यिमन केचन द्रहन रातन त सातन क्याह् करौ ।।

वाइज़ा पनन्यन ग़मन तै ज़ॉविजारन छुख सनान,
फरज़ यलि असि त्रॉवि् सॉरिय वॉजिबातन क्याह् करौ ।।

फुट्रहौ वुतखान सॉरिय आज़रन थवहौ फिरुन,
हे मगर दिलक्यन यिमन लातन-मनातन क्याह् करौ ।।

तति दपान अमलन त नियचन ब्ययि सवाबन आसि नाद,
है थद्यन क्रान्यन थद्यन कौमन त ज़ातन क्याह करौ ।।

या त गोछ मकसद कुनुय आसुन त तथ गोछ ग्वड़ बरुन,
न त यिमन फिरकन त टोल्यन तै जमातन क्याह करौ ।।

हाय 'अहस' छुख वनान ब्ययि जिन्दगी गछ फॉफलनि,
बॅत्र वुनिल्यन ब्ययि युप्यन तै वॉरिदातन क्याह् करौ ।।

कॉशुर समाचार

अंक १२	जून १९७३/ज्येष्ठ-आषाढ़, २०३०	सं० ६

बहनों को एक सुझाव

सुनते हैं कि हमारी एक बहन प्रातः के अपने व्यस्त कार्य से निवृत्त होकर कुछ सुस्ता रही थी कि अचानक एक चोर उसके कमरे में घुसा। उसने छुरी दिखाकर उन्हें डराया और मौन रहने पर बाधित किया फिर कैंची से दोनों ओर के 'ड्यजहोर' काटकर ले भागा। क्या करती वह असहाय ऐसी स्थिति में। यह तो हुई राजधानी में एक घटना। कश्मीर में, जम्मू में और देश के अन्य नगरों में जहां हमारी बिरादरी के लोग रहते हैं, भी आये दिन ऐसी ही दुर्घटनाये होती रहती हैं। एक ओर तो दो चार हजार रुपये का नुकसान और दूसरी ओर कुशलता खतरे में। इस समस्या का कोई समाधान ढूंढना इस कारण अनिवार्य है।

काश्मीर में समय-समय पर जो समाज सुधारक हुये हैं वह भी ड्यजहोर को छोड़ने की बात करते थे परन्तु इसमें उन्हें सफलता न मिली। इसका कारण यह है कि हमारी बहनें इसे सुहाग का चिह्न समझती हैं और इसे हमेशा धारण किये रखना चाहती है। यह उनके लिये केवल सजावट के लिए एक आभूषण ही नहीं है। देश के अन्य भागों में, अन्य सामाजिक संगठनों में भी सुहाग के प्रतीक कई हैं। कुछेक प्रान्तों में मंगल सूत्र पहना जाता है। कहीं बिच्छुवे, झूमर, या घुंघरू पहनने का रिवाज है और कही मांग में सिंदूर भरा जाता है। इस कारण हम अपनी माताओं एवं बहिनों के इस विश्वास का आदर करते हैं। फिर 'ड्यजहोर' जो कि खतरा झेल लेने का एक जरिया है, का क्या किया जाये।

'अटहोर' भी सोने का होता हैं, 'ताल रज' भी सोने की होती है और गले का हार या न्यकलेस भीं सोने का होता है। इन आभूषणों को हमने प्रायः बदल दिया है। अधिकांश स्त्रियां मोटी या सुलमें के अटहोर पहनती हैं। 'ताल रज' का स्थान धागे की 'अठ' ने लिया है। गले में हार सोने का न होकर मोतियों की माला भी हो सकती है। तो फिर यह कौन से धर्मशास्त्र में लिखा है कि ड्यजहोर अवश्य ही सोने का हो। यदि आप इसे अवश्य ही पहनना चाहती हैं तो इसे भी सोने के बदले मोतियों से आकार दीजिये, नहीं हो तो चंदन की लकड़ी का, अखरोट की लकड़ी का या पेपरमैशी का बहुत ही खूबसूरत ड्यजहोर बनवाइये और पहनिये। आपका मंगल सूत्र एवं सुहाग चिह्न आपको मुबारक और हमें इस बात का हर्ष कि न तो आपको कोई हानि उठाने का खटका होगा न किसी प्रकार का भय।

संसार के अन्य देशों के साथ-साथ हमारे इस प्यारे देश ने भी कितनी उन्नति की। इसमें भी हमें गर्व है कि हमारी बिरादरी किसी से कम नहीं। एक रेकार्ड है, एक आदर्श है कि शताब्दी के एक चौथाई से कम समय में हमारी स्त्रियों ने विद्यार्जन में अद्भुत उन्नति की। यहां तक कि आज से २५ वर्ष पूर्व जहां स्त्रियां अधिकांश अपढ़ होती थी वहां आज विद्या के किसी भी क्षेत्र में, किसी भी मुकाबले में, किसी भी परीक्षा में वे अग्रसर हैं। अध्यापिकायें, डाक्टर, और कार्यालयों में अधिकारी तो वे हैं ही, प्रशासन, विज्ञान, कानून, दर्शन आदि कतिपय क्षेत्रों में भी उन्होंने अपना झण्डा गाड़ दिया है। ऐसी स्थिति में हम समझते हैं कि इस छोटी सी समस्या को हल करने में हमारी मातायें, बहनें असमर्थ नहीं हैं। आप अबला नहीं हैं और इस कारण आपको किंकर्तव्य-विमूढ़ होकर अपने को असहाय नहीं होने देना चाहिए।

संक्षिप्त समाचार

पंडित सम्मानित

श्री हृदयनाथ पंडित को दिल्ली विश्वविद्यालय ने डाक्टर की उपाधि प्रदान की है। इसकी घोषणा २६ मई ७३ को की गई।

मुंशी नये पद के लिए निर्वाचित

हाल ही में बनी केन्द्रीय सूचना सेवा राजपत्रिक कर्मचारी समिति के प्रधान पद के लिये श्री द्वारकानाथ मुंशी को जो 'योजना' के मुख्य संपादक हैं, निर्वाचित किया गया है। इस संस्था का उद्देश्य यह है कि सदस्यों के हितों की सुरक्षा की जाय और सूचना सेवा को कार्याधार पर विभाजित करवाने के लिए काम किया जाय।

निरंजन नाथ की पदोन्नति

श्री निरंजन नाथ कौल (लक्ष्मी बाई नगर) की पदोन्नति हुई है और वे अब 'मदरलैंड', 'आर्गनाइजर' आदि प्रकाशनों के लिए प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त हुये हैं।

काश्मीर के स्वतंत्रता सेनानी को ताम्रपत्र

श्री एन.एन. कौल (७३ भगत सिंह मार्किट, नई दिल्ली) प्रशासन ने ताम्रपत्र दिया है। हम कौल साहब को इस सम्मान के लिए बधाई देते हैं जो उन्हें स्वतंत्रता संग्राम में प्रशंसनीय कार्य करने के लिये दिया गया है।

श्री दुर्गाप्रसाद भान बच निकले

मदरलैंड के मुख्य उप सम्पादक श्री दुर्गा प्रसाद भान रात के ढाई बजे अपने काम से लौट रहे थे। उन्होंने एक स्कूटर रिक्शा किराये पर लिया परन्तु वह यह देखकर विस्मित हो गये कि चालक के अन्य साथियों ने मिलकर उन्हें छुरी दिखाकर घड़ी एवं नकदी से वंचित किया। ईश्वर जानता है कि उनपर और क्या बीतती यदि वह सौभाग्यवश कूद न पड़ते। ईश्वर का लाख-लाख शुक्र है कि वे बच निकले।

डा० कौल लिबिया में

कान्टोनमेण्ट जनरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, डा० जवाहर कौल, कुछ मास पूर्व लिबिया चले गये हैं जहां वे लिबिया सरकार के स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सा अधिकारी नियुक्त हुए हैं। वे कोई तीन वर्ष तक स्वदेश से दूर रहेंगे।

डा० कौल की धर्मपत्नी, श्रीमती कृष्णा कौल, भी अपने पुत्र सहित, ३१ मई को लिबिया के लिए प्रस्थित हुई।

फ्लाइट ले० कौल का स्थानान्तर

फ्लायट ले० रमेश कौल का हाल ही में दिल्ली से श्रीनगर स्थानान्तर हो गया है।

सरोज गुर्टू डाक्टर बनीं

सरोजिनी नगर निवासी श्रीमती सरलादेवी गुर्टू की सुपुत्री कु० सरोज गुर्टू ने श्रीनगर मेडिकल कालेज से इस वर्ष एम०बी०बी०एस० परीक्षा पास कर ली है।

श्रीनगर से

गंजू को पी.एच.डी. मिला

अमर सिंह कालेज के श्री मखन लाल गंजू को जीवाजी विश्वविद्यालय ने शिक्षा शास्त्र में पी.एच.डी. प्रदान किया। उन्होंने अपना शोध-पत्र डा० अमर नाथ अदालती के संरक्षण में तैयार किया था।

डा० कौल ने एम.एस.पास किया

डाक्टर ओमकार नाथ कौल (अदालती) ने, जो स्थानीय शासकीय औषधालय के मेडिकल आफिसर हैं, एम.एस. पास किया है। उन्होंने कर्ण, नासिका एवं गले के रोगों में विशेषता प्राप्त की है।

कुरुक्षेत्र से

विश्वविद्यालय में कश्मीरी गतिविधियां

* डा० एम.एल. कौल (बोटनी विभाग) ने पश्चिम

जर्मनी के बौन विश्वविद्यालय के इन्स्टीट्यूट आफ जेनिटिक्स में एक्सचेंज वैज्ञानिक के रूप में कार्यभार सम्भाला है। वे पश्चिम जर्मनी में अप्रैल १९७४ तक रहेंगे।

* श्री ए०के० भान, जो कि विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग में रिसर्च फेलो हैं, को 'यंग एकैडमिशन्स फोरम' का महामन्त्री चुन लिया गया है।

* डा० लोकेश कौल तथा डा० बी.के. भट्ट को शिक्षा शास्त्र में Ph. D. की उपाधि से विभूषित किया गया है। डा० कौल विश्वविद्यालय में ही शिक्षक है, जबकि डा० भट्ट बंगलौर में लेक्चरर नियुक्त हुए हैं।

जब नेहरू जी हमारे घर आए

सोम नाथ डुलू

सारा वातावरण जिन्दाबाद के नारों से गूंज रहा था। सड़कें, गली कूचे दुल्हन की तरह सजे हुए थे। बच्चे हाथों में तिरंगी झण्डियां बड़े उत्साह से उछाल रहे थे। इतनी देर में दो मोटर साइकल सवार तथा उनके पीछे-पीछे खुली कार में जनता के प्यारे बच्चों के चाचा नेहरू मुस्कराते हुए लोगों के स्वागत का हाथ जोड़ कर अभिनन्दन करते हुए आ रहे थे। अपार जन समूह के कारण कार धीरे-धीरे चल रही थी और अकस्मात हमारे घर के सामने आकर रुक गई। भीड़ उमड़ पड़ी पता चला कि कार खराब हो गई। भारत के प्रधान मन्त्री की कार खराब हो गई। यह एक अचम्भा था, परन्तु यह अचम्भा मेरे लिए एक न भूलने वाली घटना बन जाएगी इसका मुझको अनुमान न था। मैं टकटकी लगाए चाचा जी को देखने लगा। ठीक उसी तरह जिस तरह एक बच्चा चांद को देखता है। कितना दूर होता है चांद बच्चे से फिर भी बच्चा उसे अपना समझकर देखता ही रहता है। मैं अपने आप में खो सा गया। अचानक मेरे मुंह से निकल पड़ा 'चाचा जी नमस्ते' वे हसें और कहा 'क्यों बच्चो तुम्हारा घर किधर है' मैं फट से बोला जी-जी यह-यह रहा। फिर क्या था वह कार में से उतरे सब को छोड़कर मेरा हाथ पकड़ा और कहा, चलो मैं तुम्हारे साथ चलता हूं, तुम्हारे घर बैठूंगा और सब से मुखातिब होकर बोले, खबरदार जो मेरे साथ कोई आया। जब गाड़ी ठीक हो जाय तो मेरे को हारन करना, मैं इस बच्चे के साथ तन्हाई की चन्द घड़ियां गुजारना चाहता हूं। फिर क्या था वह मेरे साथ चल दिए। मेरा हाल मत पूछिए इस वक्त क्या हो रहा था मैं मानों आकाश के ऊपर उड़ रहा था। मानों शून्य में धरती के आकर्षण के बिना तैर रहा था। खैर मैंने घर का किवाड़ खोला। घर में मेरे दादा जी थे, उनको अपनी आंखों पर विश्वास ही नहीं आ रहा था। वह जैसे साक्षात चतुर्भुज नारायण को अपने समक्ष देख रहे थे जैसे आरती उतारना चाहते थे। दादा जी जोर-जोर से आवाज दे रहे थे। मेरे माता जी, पिता जी, भाई, बहन सब जिन को देखने के लिए न जाने कहां-कहां सड़क पर कतार लगाए भीड़-भाड़ में, सड़क पर धक्के खाकर इन्तजार कर रहे थे, वह स्वयं हमारे घर में एक छोटे से कमरे में जहां भी जो बिछा था उस पर बैठ गए। दादा जी उनके सामने तथा मैं उनकी बगल में, इस तरह जैसे उनकी ही गोदी में बैठ गया होऊं, इतने में दादा जी ने इशारे से मुझे उनके लिए कुछ लाने को कहा। परन्तु कौन सी चीज से उनका स्वागत किया जाय। न दादा जी को मालूम था और न मैं ही जानता था। एक छोटा सा बच्चा क्या जाने कि एक प्रधान मन्त्री के स्वागत में क्या चीज दी जाय, मगर यह सोचकर कि जब कोई अतिथि हमारे घर आता है तो पहले उसे क्या दिया जाता है एक शीशे के गिलास में पीने का पानी ले आया। मैं गिलास अपने चाचा जी को पकड़ा ही रहा था कि गाड़ी का जोर से हारन बजा। गिलास मेरे हाथ से छूट कर गिर पड़ा। दादा जी पसीना-पसीना हो गये और मेरी तरफ घूरने लगे। मैं सहम सा गया और एक तरफ हटा, कि पैर एक शीशे के नुकीले टुकड़े पर पड़ा, जोर से चीख निकल पड़ी मेरे मुंह से, और मैं धड़ाम से पृथ्वी पर आ गिरा। मेरी आँखें खुल गई, स्वप्न टूट गया। हाय! वह स्वप्न—जब भी याद आता है मुझे मेरे पैर में शीशे के चुभने का दर्द सा महसूस होता है।

जाग मानव जाग

मोती लाल भट्ट 'शफ़क'

नीले नभ से छटकी
ऊषा की प्रथम किरण।
रात्रि का अंधेरा चीरती,
अज्ञान की कालिमा लुप्त हुई,
ज्ञान प्रकाश से उज्जवल कण-कण हुआ,
झूम उठी मद-मस्त वसुन्धरा,
कलियां चटकी पुष्प खिले, पात-पात पनप उठे।
दिशा-दिशा से गूंज उठी,
हर्ष की, उल्लास की,
प्रभु के गुण-गान की।
—एक मधुर ध्वनि।
किन्तु, गहरी निंद्रा में मगन,
मूंढ़ मानव मोह में जकड़ा हुआ,
इह लोक, परलोक से बेसुध सा।
नश्वर, काया की, माया पर अभिमान कर,
भूल बैठा सत्य, असत्य की पहचान है।
जो अभी था, अब नहीं—
उस पर अभिमान क्या?
जो था, जो है और होगा
गर्व उस पर हो तो कोई बात है॥

बाल क्रीड़ा में व्यतीत बाल अवस्था हुई,
हुआ व्यतीत भोग-विलास में यौवन का बसन्त,
वृद्ध अवस्था में—
निर्बल सा, निराश सा, असहाय सा,
पतझड़ में बिन पात जैसे
दूर अकेला तरु।

नित प्रातः सांझ व्यस्त रहे
भौतिक तृष्णा का तृप्ति में,
तज कर सत्कर्म की सुपथ
सोचा नही परिणाम,
खाली दोनों हाथ लिए
जाना होगा उस पार।
जिधर काम आ जाता केवल,
सुकर्म निष्काम॥

अब भी समय है,
अभी कुछ खोया नहीं।
मोह-माया का बंधन तोड़कर,
सांसारिक उलझनों को छोड़कर
खोलकर दृग-द्वार देख,
कौन तेरे प्रांगण में
प्रकाश की प्रथम किरण के रूप में।
यही सत्य है, सत्य का आधार यह
इसी सत्य के पथ का बन पथिक
विलम्ब कैसा, कैसी बाधा, क्या सोचना॥

अरुणाचल की एक शाम

कन्हैया लाल संगर*

"बहादुर, चाय ले आओ" अनायास ही यह शब्द मेरे मुंह से निकले। आज भी रोज की तरह बहादुर ने घर के बरामदे में कुर्सी ला रखी थी। आज भी रोज की तरह थका मांदा मैं कुर्सी पर धम्म से आकर बैठ गया, टांगे फैलाकर तिपाई पर रख दी, हाथ उठाकर सिर के पीछे टिका दिये और एक लम्बी सांस ली। दिन भर की थकान और तिस पर यह अकेलापन। बात करें तो किससे। बहादुर भी चाय की प्याली पकड़ाकर दूर जाकर खड़ा हुआ। मैं चाय की चुस्की लेते हुए चारों ओर देखता गया। विशाल हिमालय की शृंखलायें। चोटियां बर्फ से ढकी हुई। नीचे की ढलानों पर जंगल ही जंगल। जहां तक दृष्टि जाती है ऊंचे-ऊंचे वृक्ष और गहरी घाटियां बीच में पहाड़ी झरने। झरनों में बहते पानी की कलकल, वृक्षों से टकराती हवा की सरसराहट, यह सब मिलाकर

* लेखक अरुणाचल प्रदेश में इन दिनों केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में असिस्टण्ट इंजीनियर हैं तथा यह उनकी पहली कृति है। सं०

एक अद्भुत वातावरण उत्पन्न करते थे। मैं और बहादुर एकटक इस दृश्य को देख रहे थे।

"साहब! शहर से एक मजदूर आया था।" मुझको चुप देखकर बहादुर बोला, "वह कह रहा था कि बहुत वर्षा से शहर जाने वाली सड़क बहुत स्थानों पर टूट गई है।"

"तो क्या हुआ, यह तो होता ही रहता है। बार्डर रोड वाले साफ कर लेंगे," मैंने कहा। "नहीं साहब, अबकी बार इतनी ज्यादा खराब हुई है कि दो तीन महीने नहीं खुल पायेगी, पूरे ४० किलो मीटर ढह गये हैं।"

"तुम यहां की बात करते हो बहादुर, आगे सारा आसाम भारत से कटा हुआ है हर स्थान पर पानी ही पानी। सड़कें रेलें सब बन्द। कई एक गांव बह गये हैं, दो महीने तक तो रेलें भी ठीक से न चल सकेंगी।"

मैंने देखा कि यह वाक्य सुनते ही उसके मुंह पर एक निराशा सी छा गई। वह मौन रहा। कुछ बदला-बदला सा लगा। और दिन तो वह हंस-हंस के बातें करता था और सांय काल के असीम एकांकीपन में मेरा जी बहलाता था। अतः मैंने टटोलना चाहा।

"बहादुर, आज तुम्हारी तबियत ठीक नहीं है क्या?" बहादुर ने एक सर्द आह भरी और बोला, "जी ठीक है।"

"फिर इतने उदास क्यों हो, क्या पैसे की कमी······" मेरे इतना कहते ही वह रोने लगा और फफक-फफक कर रोता रहा। मैंने भी चुप रहना ही ठीक समझा। थोड़ी देर के पश्चात् बोला, "साहब मुझे छुट्टी चाहिए।" "अभी पिछले हफ्ते ही तो तुम तीन दिन छुट्टी पर थे।" "नहीं साहब," वह अपनी मैली टोपी को हाथ में लिए हुए और बांह से आंसू पोंछते हुऐ बोला "मुझे देश जाने के लिए छुट्टी चाहिए"।

"देश", यह शब्द सुनते ही मैं जैसे अवाक् हो गया। मुझे लगा जैसे उसने मेरे अन्तस्तल को बड़ी बेरहमी से कुरेद कर रख दिया। मेरी अपनी आंखें छलछला आईं। "देश" कितना प्यारा शब्द है। देश तो एक ही है। यही हिमालय की शृंखला सिक्किम और भूटान से होते हुए बहादुर के देश पहुंचती है। परन्तु यही शृंखला आगे चलकर······मेरे 'देश' भी तो पहुंचती है।

उस संध्या की बेला को मुझे लगा जैसे मैं अपने देश पहुच गया हूं। यही पहाड़ियाँ, यही बर्फीली चोटियां, यही कलरव करती नदियां, यही सांय-सांय करती हवायें। एक क्षण को मुझे लगा जैसे मैं कश्मीर के किसी सुदूर पहाड़ी प्रदेश में बैठा हूं। नीचे से चलती सड़क जैसे बानिहाल की सड़क हो। और मैं सायंकाल के समय किसी गूजर की बस्ती में सबसे ऊपर वाली झोंपड़ी में बैठा हूं और प्रकृति के सौंदर्य को निहार रहा हूं।

लालटेन के तिपाई पर रखे जाने की आवाज से मैं चौंक गया। संध्या हो चुकी थी। मेरी तन्द्रा टूट गई। मेरा प्रिय स्वप्न टूट गया। मैं देश में रहते हुए भी जैसे परदेश में था।

नीचे सड़क पे भारतीय थल सेना के जवानों की टुकड़ी जा रही थी। मुझे ध्यान आया उन वीर जवानों का जो देश के कोने-कोने से आकर अरुणाचल के सीमावर्ती क्षेत्रों में सजग प्रहरी बने डटे हुए है। शायद ही देश का कोई भाग हो जहाँ से कोई न कोई जवान न आया हो। इस संध्या की बेला में सब जवान ऊंची-ऊंची पर्वत श्रेणियों पर शायद अपने एक ही भारत देश की बात सोच रहे हों। और मुझे लगा कि हम सब भारतीय यहां पर परदेश में नहीं देश में ही हैं।

"साहब खाना तैयार है," बहादुर दूर खड़ा मेरे मनोभावों का अध्ययन करता हुआ बोला। और बड़े अन्यमनस्क भाव से मैं कुर्सी से उठकर "हट" (hut) के अन्दर चला गया।

सम्पादक की डाक

"हम क्या थे और क्या हो रहे हैं"

श्रीमान् जी,

मई के समाचार में प्रकाशित "हम सब क्या थे और क्या हो रहे हैं" के संदर्भ में मैं समाचार के पाठकों को सूचित करना चाहता हूं कि इस वस्तुस्थिति में मां-बाप का भी हाथ है और लड़कियो का भी। प्रत्येक लड़की वाला आजकल I.A.S. और तदनुरूप Rank वाले अधिकारियों से ही सबंध स्थापित करना चाहता है। परिणाम यह है कि जो दशा इन लड़कियों की हो गई है कि ३०-३५ वर्ष तक उन्हें वर नहीं मिलता, वही दशा कम वेतन पाने वाले लड़कों की हो गई है, उन्हें भी वधु नहीं मिलती। ······आत्महत्या करना बुजदिली है। इससे इस समस्या का हल नहीं होता। हमें इस वस्तुस्थिति का मुकाबला

Registration No. R.N. 12866/66 Regd.No. D—670

KOSHUR SAMACHAR
A SOCIO-CULTURAL MONTHLY

करना होगा। यदि ये लड़कियां आत्महत्या करने के लिए तैयार हैं तो क्या कारण है वे कम आय वाले, छोटे पदों पर नियुक्त अधिकारियों के साथ विवाह करने के लिए तैयार नहीं।.........क्या काश्मीरी समाज में सभी दहेज मांगने वाले हैं, ऐसा मैं कभी भी मानने के लिए तैयार नहीं हूं।......यदि कोई लड़का अच्छी आय वाला है, अच्छे पद पर है और दहेजादि की मांग करता है तो उसको त्यागना चाहिए। और भी तो लड़के हैं। कम आय वाले होंगे, छोटे पद पर होंगे। इससे अधिक और क्या चाहिए उन्हें।.........दहेज प्रथा के विरुद्ध जनमत तैयार किया जा सकता है परन्तु शर्त यह है कि लड़की वालों का दिमाग ठीक हो। लड़के-लड़कियों की कमी नहीं है हमारे समाज में पर छोटे बड़े का अंतर अवश्य है। अगर मेरे कहने में कोई त्रुटि रह गई हो तो अवश्य पाठक अगले अंकों में अपने विचार व्यक्त करें। मैंने जो कुछ कहा वह मेरा विचार है।

गोपाल कृष्ण शोंगलू
नई दिल्ली

पाणि ग्रहण

* श्री गोपीनाथ लंगर की सुपुत्री सरला का श्री त्रिलोकी नाथ भागाली के साथ ११ मई को दिल्लीमें।
* सुरेन्द्र, सुपुत्र श्री सोमनाथ सीरू (मोती बाग) का नैनसी, सुपुत्री श्री एस.एन. तिक्कू के साथ श्रीनगर में ७ जून ७३ को।
* किरण, सुपुत्री श्रीमती एवं श्री त्रिलोकी नाथ भान (सहारनपुर निवासी) तथा श्री जानकी नाथ भान (रा० कृ० पुरम) की भतीजी, का श्रीमती तथा श्री के० एन० राज़दान के सुपुत्र मोहन, के साथ श्रीनगर में १० जून को विवाह संस्कार सम्पन्न हुआ।

शोक समाचार

स्वर्गीय श्री लम्बोदर जुत्शी जो लंदन में रहते थे, की धर्मपत्नी श्रीमती राधा माली का देहान्त बम्बई में हुआ। हम बम्बई के श्री नंदलाल जुत्शी एवं ग्रेटर कैलाश के श्री मोतीलाल जुत्शी के प्रति हार्दिक सहानुभूति प्रकट करते हैं।

श्री ब्रजनाथ टिकु (लोधी कालोनी) की माता जी का देहान्त श्री नगर में हुआ।

हमारा पंचाङ्ग

आशाढ़ कृष्ण पक्ष

जून १९७३

२० बुधवार	—	९.३१ रात से पंचक आरम्भ
२५ सोमवार	—	९.४७ दिन पंचक समाप्त
३० शनिवार	—	अमावस्या

आषाढ़ शुक्ल पक्ष

जुलाई १९७३

७ शनिवार	—	आषाढ़ सप्तमी
८ रविवार	—	आषाढ़ अष्टमी
९ सोमवार	—	आषाढ़ नवमी
१२ गुरुवार	—	लुकभवन यात्रा
१४ शनिवार	—	ज्वाला चतुर्दशी
१५ रविवार	—	पूर्णमासी, मासांत

Printed and published by Dr. Gopi Nath Kaul from Kashmir Bhavan, Kashmir Bhavan Marg, Amar Colony, New Delhi-14, for the Kashmiri Samiti, Delhi, at New Roxy Press, South Extension Part-I, New Delhi-49.
Editor : Dr. Gopi Nath Kaul.